# भाग 8 (II)

निर्देश :—

नीचे कुछ प्रश्न दिये गये हैं। दाहिने तरफ प्रत्येक प्रश्न के लिये तीन या चार उत्तर दिये हुये हैं इनमें केवल एक उत्तर सही है। जो उत्तर आपको सही लगता है उसके नीचे लाइन खींच दीजिये।

1. श्याम राम से बड़ा है, राम उमेश से बड़ा है, इन तीनों में सबसे बड़ा कौन है ? ( श्याम, राम, उमेश )
2. श्याम राम से तेज दौड़ता है, उमेश राम से मंदा दौड़ता है, सबसे मंदा कौन दौड़ता है ? ( श्याम, राम, उमेश )
3. माना कि आज सोमवार है, तो परसों कौन-सा दिन था ? ( शुक्रवार, शनिवार, रविवार )
4. तीन बहिनें एक कतार में बैठी हैं, स्नेहलता प्रेमलता के दाहिने हाथ बैठी है, प्रेमलता कुसुम-लता के दाहिने हाथ बैठी है तो बताओ कौनसी लड़की बीच में है ? (स्नेहलता, कुसुमलता, प्रेमलता)
5. वीना शीला से छोटी है और शीला कुसुम से; तो बताओ क्या कुसुम वीना से बड़ी है ? ( हाँ, नहीं, कह नहीं सकते )
6. मैं रेल के डिब्बे में इंजन की तरफ मुँह किये बैठा हूँ। शाम के डूबते सूरज की किरणें खिड़की में होकर मेरे बायें हाथ पर पड़ती हैं; तो बताओ गाड़ी किस दिशा में चल रही है ? (उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम)
7. महेश जब सुबह उठा तो उसने समय मालूम करने के लिये अपने हाथ में बँधी घड़ी को देखा। उसे घड़ी के नम्बर ठीक प्रकार नजर नहीं आये और वह तय नहीं कर पाया कि 12 बजकर 15 मिनट (सवा बारह) हैं या 3 बजकर 30 मिनट (साढ़े तीन) हैं या 7 बजकर 15 मिनट (सवा सात) हैं या 9 बजे हैं। जब वह इस चक्कर में फँसा हुआ था तब उसे ख्याल आया कि यह मार्च महीने का अन्तिम सप्ताह है और सूरज निकलने को है; अब तुम बताओ कि उस समय क्या बजा था ? (12 बजकर 15 मिनट, 3 बजकर 30 मिनट, 7 बजकर 15 मिनट, 9 बजे )

